दिनांक 16.12.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जुनवानी रोड में अवैध कब्जा एवं अवैध अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों को किया गया बेदखल, भिलाई निगम ने अवैध कब्जा व अतिक्रमण के खिलाफ की बड़ी कार्यवाही, 15 स्थानों से हटाया कब्जा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 01 नेहरूनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शंकराचार्य कॉलेज रोड जुनवानी में सड़क किनारे बांस, बल्ली आदि से कब्जा कर व्यवसाय करने वाले कई लोगो को बेदखल किया है तथा ट्रैफिक भी क्लियर कराया है। शिकायत पर 15 से अधिक स्थानों पर कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त भी किया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण , अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है। लेकिन नहीं मानने पर जोन 01 की टीम तोड़फोड़ दस्ते के साथ पहुंची और तोड़फोड़ कर सामग्री को जप्त भी किया। बेतरतीब तरीके से सड़क किनारे अस्थाई रूप से दुकान लगाकर अवैध रूप से व्यवसाय करने के कारण जगह-जगह गंदगी फैल रही थी तथा इन दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहनों के पार्किंग होने से आवागन बाधित होता था, जिसकी शिकायत नागरिकों द्वारा की गई थी। इस मार्ग पर स्कूल , कॉलेज और हास्पिटल होने की वजह से मार्ग में हमेशा भीड़-भाड़ रहता है इसलिए आवागमन में कोई बाधा न हो इसे देखते हुए कार्यवाही की गई।